कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, देवरिया।

पत्रांक / विविध / 12236-12246 / 2024–25 दिनांक :– 21 जनवरी 2025

कार्यालय आदेश

जनपद में मौसम परिवर्तन के कारण पड़ रही भीषण ठण्ड के दृष्टिगत् जिलाधिकारी महोदय, देवरिया की अनुमति दिनांक 21.01.2025 के अनुपालन में जनपद में संचालित समस्त बोर्डो (परिषदीय / राजकीय / मान्यता प्राप्त / सहायता प्राप्त) के विद्यालयों में अध्ययरत कक्षा 08वीं तक के छात्र / छात्राओं के हितों के दृष्टिगत् दिनांक 22 जनवरी 2025 एवं 23 जनवरी 2025 को छात्र / छात्राओं हेतु विद्यालय में उपस्थि होकर शिक्षण कार्य से अवमुक्त किया जाता है तथा इस अवधि में परिषदीय / राजकीय / मान्यता प्राप्त / सहायता प्राप्त विद्यालयों के अन्य शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर, अपार आई0डी0 एवं यू–डायस सम्बन्धी कार्यो एवं अन्य विभागीय कार्यों को सम्पादित करेंगें।

उपरोक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
देवरिया

पृ0सं0 / विविध / 12236-12246 / 2024–25 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
02. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
03. जिलाधिकारी महोदया, देवरिया।
04. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, देवरिया।
05. जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया।
06. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) सप्तम मण्डल गोरखपुर।
07. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–देवरिया ।
08. समस्त मुख्य सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र, जनपद–देवरिया को इस अनुरोध के साथ कि अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में स्थानीय स्तर पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
09. समस्त प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक, परिषदीय / राजकीय / सहायता प्राप्त विद्यालय को अनुपालनार्थ
10. समस्त प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक मान्यता प्राप्त विद्यालय को इस निर्देश के साथ कि उक्त अवधि में अपने विद्यालय से सम्बन्धित अपार आई0डी0 एवं यू–डायस सम्बन्धी कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें।
11. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
देवरिया

CamScanner